>

Title : Need to launch a National Encephalitis Eradication Programme in Eastern Uttar Pradesh.

श्री कमल किशोर कमांडो (बहराइच): उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में एन्सेफ्लाइटिस से पिछले 33 वर्षों से प्रतिवर्ष काफी संख्या में मौतें हो रही हैं। इस बीमारी का सर्वाधिक कुप्रभाव नवजात शिशुओं तथा कम उम्र के बच्चों पर पड़ता है। इस बीमारी से प्रतिवर्ष एक हजार से तीन हजार बच्चों की मौत हो रही है। देश में लगभग तीन दर्जन बीमारियों के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम हैं, जिसमें फाइलेरिया तथा घेंघा रोग के लिए भी राष्ट्रीय कार्यक्रम है। जबकि पिछले 33 सालों से अब तक लगभग 50 हजार बच्चे केवल पूर्वांचल में मर चुके हैं, उसके लिए कोई राष्ट्रीय कार्यक्रम नहीं है। इस महामारी से 95 प्रतिशत ग्रामीणों, दलितों तथा किसानों के मासूम ही प्रभावित होते हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि भारत जैसे ग्रामीण प्रधान देश में एन्सेफ्लाइटिस की महामारी रोकने के लिए प्रत्येक वर्ष में दो बार टीकाकरण, एरियल फॉगिंग, सर्विलांस व शोध केन्द्र प्रभावित जिलों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, समुचित निदान व उपचार की व्यवस्था के लिए राष्ट्रीय एन्सेफ्लाइटिस उन्मूलन प्रोग्राम चलाने की कृपा करें।